हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 12 नवंबर 2025

04 कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना, भैरुंदा...



07 नन्हे-मुन्हे बच्चों ने विभिन्न विषयों पर कैनवास...





### एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों ने सौंपा ज्ञापन, मांगी प्रदर्शन करने की अनुमति

# दोनों साइड सर्विस रोड नहीं बनने से नाराज वरिष्ठजन अब करेंगे आमरण अनशन

दोनों तरफ सुरक्षित सर्विस रोड निर्माण की मांग पूरी न होने पर शासन और प्रशासन के खिलाफ आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पंडित दीनदयाल नगर (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी) के निवासियों ने निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ सुरक्षित सर्विस रोड निर्माण की मांग पूरी न होने पर शासन और प्रशासन के खिलाफ आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। कॉलोनीवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी को आमरण अनशन की अनुमति देने के लिए आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि यदि 7 दिवस के अंदर उनकी मांग का लिखित आश्वासन नहीं मिला, तो वे 17 नवंबर से गांधीवादी तरीके से अनशन पर बैठेंगे।

**8 बार कलेक्टर को लिखा पत्र :** आवेदक विश्वनाथ सिंह और ओपी अग्निहोत्री ने बताया कि वे विगत 22 जुलाई को जनसुनवाई में आवेदन देने के बाद से अब तक 8 बार कलेक्टर को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन कलेक्टर ने न तो एक बार मौके का निरीक्षण किया और न ही उनके पत्रों का जवाब देना उचित समझा।



फाइल फोटो

### 17 से आमरण अनशन की तैयारी

समस्या का हल न होता देख कॉलोनीवासियों ने सामूहिक रूप से आमरण अनशन का निर्णय लिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शासन द्वारा आगामी 7 दिवस के अंदर ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड निर्माण का लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता है, तो वे 17 नवंबर को सुबह 10 बजे से लिखित निदान मिलने तक आमरण अनशन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

### विधायक का आश्वासन भी बेअसर

कॉलोनीवासियों की शिकायत है कि स्थानीय विधायक सुदेश राय ने भी दो बार निर्माण स्थल का निरीक्षण किया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ब्रिज निर्माण में हो रही अनियमित्ताओं को दूर कर क्षेत्रवासियों की समस्या को दूर करने की बात कही, लेकिन उस पर अब तक अमल होता नहीं दिख रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि निर्माण कार्य स्टेट हाईवे पर चल रहा है और ठेकेदार द्वारा सीमांकन कराए बिना ही कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि निर्माण स्थल का सीमांकन तुरंत रेलवे बाउंड्री से कराया जाए, ताकि कॉलोनी के आवागमन हेतु सुरक्षित सर्विस रोड के लिए पर्याप्त जगह सुनिश्चित हो सके।

## खबर संक्षेप



### जिले के 107 स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे ₹टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0₹ के तहत सीहोर सीहोर जिले के 107 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। कलेक्टर श्री बाला गुरु के. ने कहा है कि विद्यालयों में तंबाकू मुक्त वातावरण तैयार करना बच्चों के स्वस्थ जीवन की दिशा में एक प्रेरक पहल है। समाज के हर व्यक्ति को इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत स्कूलों में तंबाकू निषेध शपथ, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिताएँ, जनजागरूकता रैलियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस अभियान के तहत प्रेरित होकर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर अपने-अपने स्कूल परिसरों को "नो टोबैको जोन" बनाया तथा तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक सुनिश्चित की है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित हैं और जिले के सभी स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### अग्निकांड प्रभावित दुकानदारों को दिया जाए पर्याप्त मुआवजा

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आगजनी से पीड़ित चंद्रशेखर आजाद मार्ग चकला मोहल्ला बाजार के दुकानदारों को पर्याप्त मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग की गई। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने सोमवार को घटनास्थल पर पहुंचकर दुकानदारों से चर्चा की। कपड़ा दुकानदारों ने बताया कि चार दुकानों में आग लगी थी, जिससे 30 से 40 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। रुई की गठानें, साड़ियां, रेडीमेड कपड़े और अन्य आइटम जलकर खाक हो गए हैं। मकान भी पूरी तरह स्वाहा हो गया है। खान ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को ज्ञापन देकर दुकानदारों को आर्थिक मदद दिलाने और बीच बाजार में लगे खतरनाक बिजली के ट्रांसफार्मर को हटवाने की भी मांग करेंगे।

## भारत सहित अन्य 27 देशों के विकासखंड स्तरीय प्रतिनिधियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

संस्कृत भारती के द्वारा तीन दिवसीय अखिल भारतीय राष्ट्रीय संस्कृत अधिवेशन का आयोजन अमृता विश्वविद्यालय कोयंबटूर तमिलनाडु में सम्पन्न हुआ। जिसमें भारत सहित 27 देशों के विकासखंड स्तरीय प्रतिनिधियों ने सहभागिता की , उक्त आशय की जानकारी देते हुए संस्कृत भारती जिलामंत्री राकेश सिंह ने बताया कि यह अधिवेशन प्रत्येक तीन वर्ष में आयोजित होता है , इस बार यह आयोजन तमिलनाडु राज्य के अमृता विश्वविद्यालय कोयंबटूर में 7 नवम्बर से 9 नवंबर के बीच सम्पन्न हुआ। जिला सहमंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह यादव ने बताया कि सीहोर जिले से जिला समिति व विकासखंड से संयोजक व सहसंयोजकों ने सहभागिता की , अधिवेशन समापन उपरांत 11 नवम्बर को सभी की सीहोर वापसी हुई। जिला प्रचार प्रमुख जितेन्द्र राठौर ने बताया कि अधिवेशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा संस्कृत भाषा जन भाषा थी , संस्कृत भारती द्वारा पुनः बोलचाल की भाषा बनाने के प्रयास की जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है । बहुत कम समय में संस्कृत भारती ने पूरे देश में संस्कृत मय वातावरण निर्मित कर दिया है , दत्तात्रेय होसबोले ने ₹ वदतु संस्कृतम् ₹की व्याख्या करते हुए कहा कि संस्कृत राष्ट्र भाषा है और इसे राज्य भाषा भी होना चाहिए। श्री होसबोले ने संविधान सभा में डां भीमराव रामजी अंबेडकर ने एकता के लिए संस्कृत को राष्ट्र भाषा बनाने के प्रस्ताव का भी उल्लेख किया , जो कुछ कारणों से सफल नहीं हो पाया । श्री होसबोले ने बोली और भाषा के स्पष्ट भेद पर जोर दिया, उन्होनें बताया कि संस्कृत भारती इस उद्देश्य के लिए अथक प्रयास कर रही है ।अधिवेशन में तीन पीढ़ियों के कार्यकर्ता एक साथ उपस्थित हैं ,जो संस्कृत के प्रति समर्पण को दर्शाता है , उन्होनें यह भी कहा कि संस्कृत ही एकमात्र ऐसी भाषा है जो विश्व शांति में मुख्य भूमिका निभा सकती है । इसलिए सभी को संस्कृत भाषा का व्यवहार करना और करवाना चाहिए।




## अन्नदाता का संकटः रात से लाइनों में लगे किसान, घंटों इंतजार पर नहीं मिली खाद

**सीहोर।** के इछावर में खाद की कमी से किसान और महिलाएं परेशान हैं। यह समस्या राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के गृह क्षेत्र इछावर की है। यहां किसान सुबह से लंबी कतारों में खड़े होने के बावजूद खाद नहीं ले पा रहे हैं। खाद न मिलने से किसानों में नाराजगी है। स्थिति को संभालने के लिए सोसाइटी पर पुलिस बल भी पहुंचा और किसानों को आश्वासन दिया।

इछावर सोसाइटी में कई किसान और महिलाएं देर रात से ही खाद के लिए अपना नंबर लगाकर बैठे हैं। कुछ किसानों को तो पूरी रात सोसाइटी के बाहर गुजारनी पड़ रही है।

**तस्वीरों में दिखीं लंबी कतारें :** इछावर से सामने आई तस्वीरों में महिलाएं और पुरुष किसान खाद के लिए सोसाइटी परिसर में लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। सुबह से इंतजार करने के बावजूद खाद न मिलने से किसानों में नाराजगी है।



**पुलिस ने संभाला मोर्चा :** सूचना मिलने पर पुलिस बल भी सोसाइटी पहुंचा। पुलिस ने किसानों को क्रमबद्ध खड़ा करवाया और उन्हें खाद मिलने का आश्वासन दिया।

**भाऊंखेड़ी और बोरदी में भी यही हाल :** यह समस्या सिर्फ इछावर तक सीमित नहीं है, बल्कि भाऊंखेड़ी और बोरदी जैसे इलाकों में भी किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। किसान सुबह से ही खाद के लिए लाइन में लग जाते हैं, लेकिन कई घंटों के इंतजार के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है।

**1-2 बोरी ही मिल रहा खाद :** किसानों का कहना है कि इतनी मशक्कत के बाद भी उन्हें मुश्किल से एक या दो बोरी खाद मिल पाती है। बताया गया है कि वर्तमान में खाद की मांग अधिक है, जबकि उपलब्धता कम है, जिससे यह समस्या उत्पन्न हो रही है।

**कृषि मंत्री के दावों के उलट है स्थिति :** किसानों की यह परेशानी कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना के दावों के ठीक उलट है। मंत्री कंसाना ने पहले कहा था कि सरकार किसानों के लिए सजग है और खाद की समस्या होने पर घर-घर जाकर खाद की बोरी उपलब्ध कराई जाएगी। इछावर की ये तस्वीरें मंत्री के बयान के उलट स्थिति को दर्शाती हैं।

## एक तरफा मुकाबले में भोपाल ने विदिशा को फाइनल में हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के बीएसआई मैदान पर मंगलवार को विदिशा और भोपाल के मध्य फाइनल मैच खेला गया। एक तरफा मैच में भोपाल ए की टीम ने विदिशा को एक तरफा मुकाबले में दस विकेट से हराया। मैच के उपरांत बीडीसीए और डीसीए के पर्यवेक्षकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बीडीसीए-डीसीए के सहयोग से जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें सीहोर, भोपाल, राजगढ़, रायसेन और विदिशा आदि की टीम शामिल रही। डीसीए के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में सचिव अतुल तिवारी-कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा ने सफल प्रतियोगिता का संचालन किया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि विदिशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 ओवर में दस विकेट खोकर 74 रन बनाए थे। इसमें लक्ष्य ने 19 और मुतिज भार्गव ने 14 रन की पारी खेली। वहीं भोपाल की ओर से गेंदबाजी करते हुए वेद पाठक ने चार विकेट, देव कन्नोजिया, केवन जोसफ और वेदांत अग्रवाल दो-दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल की सलामी जोड़ी आर्यवीर ने 49 रन और धैर्य तिवारी ने 28 रन बनाकर 9.4 ओवर में दस विकेट से यह मुकाबला जीता। मैच के अंत में बीडीसीए के चयनकर्ता अरविन्द वर्मा, अभिनाश पाठक, सुभाष बोरहना, शुभम बोरहना, निर्णायक नागेन्द्र व्यास, अजय चंदेल, स्कोरर शिवम दुबे आदि ने खिलाड़ियों से भेंट की।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, नवनीत तोमर, इरफान हुसैन, भारत गुप्ता, कमलेश पारोच, मदन कुशवाहा, अतुल त्रिवेदी आदि शामिल है। वहीं मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पर्यवेक्षक पुनित चतुर्वेदी ने बीडीसीए और डीसीए को सफल प्रतियोगिता के लिए बधाई दी है। आगामी दिनों में चयनकर्ताओं के द्वारा टीम का गठन किया जाएगा।

### 15 को मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम भैरूंदा जनपद के ग्राम लाड़कुई स्थित कन्या शिक्षा परिसर में 15 नवंबर को दोपहर 01 बजे आयोजित किया जाएगा। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रथ यात्रा एवं पैदल यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा 15 नवंबर को इछावर जनपद के ग्राम नादान से प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी और भैरूंदा जनपद के ग्राम लाड़कुई स्थित कन्या शिक्षा परिसर पहुंचेगी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनजातीय वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला सुनील बारेला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा यात्रा का शुभारंभ

# कल निकाली जाएगी सरदार पटेल की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में पदयात्राः सांसद ओलाक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल-सीहोर संसदीय क्षेत्र में त्रिस्तरीय पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना और एकता की भावना को मजबूत करना है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है।

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि यह पदयात्राएं सरदार पटेल के एक भारत, अखंड भारत के अडिग विश्वास को आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने बताया कि भोपाल-सीहोर लोकसभा क्षेत्र की यह पदयात्रा तीन चरणों में आयोजित हो रही है। सीहोर नगर की पदयात्रा 13 नवंबर को सुबह 10.30 बजे आयोजित की जाएगी। पदयात्रा का शुभारंभ विधायक सुदेश राय, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की उपस्थिति में होगा।



### इन मार्गों से निकलेगी पदयात्रा

पदयात्रा के लिए जो रूट निर्धारित किया है, उसके अनुसार यह यात्रा आवासीय खेलकूद स्कूल भोपाल नाका से शुरू होकर इंग्लिश पुरा, कोतवाली चौराहा, मैन रोड बाजार क्षेत्र, लीसा टाकीज चौराहा और तहसील चौराहा होते हुए तिलक मार्ग के सामने उत्कृष्ट विद्यालय के समीप समाप्त होगी।

### दिलाएंगे संकल्प

बताया जा रहा है कि यात्रा के समापन अवसर पर युवाओं को नशा मुक्त भारत और गर्व से स्वदेशी संकल्प भी दिलवाए जाएंगे। इस पूरे अभियान का पंजीकरण माय भारत पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। सांसद आलोक शर्मा ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस जन जागरण के महायज्ञ में शामिल हों और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने के लिए अपना समर्थन दें।

**क्षेत्रीय आमजन के दिलों को जोडऩे का लक्ष्य :** सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार सरदार पटेल ने रियासतों को जोडक़र एक भारत का निर्माण किया था, वैसे ही ये पदयात्रा हमारे क्षेत्र के लोगों के दिलों को जोडऩे का काम करेंगी। पदयात्रा के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और स्वदेशी मेले का भी आयोजन होगा, जिससे स्थानीय लोगों में जन-जागरण का माहौल बनेगा।

# दिव्यांग के पीएम आवास का किया सरकारी रास्ता बंद, सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** दिव्यांगजनों के साथ जिले में अन्याय अत्याचार थमनें का नाम नहीं ले रहा है। दिव्यांग अशक्तजनों को दबंगों के द्वारा परेशान किया जा रहा है हालात ऐसे है कि दंबग लोग सरकारी आदेशों को भी नहीं मानकर शासकीय अधिकारियों के साथ भी दुव्र्यवहार करने से बाज नहीं आ रहे है। इसी तरह का मामला ग्राम छापरीकला से सामने आया है पीड़ित दिव्यांग को मिले प्रधानमंत्री आवास का रास्ता दिलाने और संबधिंत दंबग पर सख्त कानूनी कार्रवाही कराने की मांग को लेकर मंगलवार को दिव्यांग कल्याण विकास परिषद ने जनसुनवाई में पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन दिया है।



तहसील जिला सीहोर के ग्राम छापरीकलां निवासी भारत सिंह पिता विजय सिंह और उनकी पत्नी दोनों ही पैरो से दिव्यांग है,चलने फिरनें में असमर्थ है ग्राम पंचायत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया है आवास बनकर भी तैयार हो गया है लेकिन प्रधानमंत्री सड़क से भारत सिंह के प्रधानमंत्री आवास तक जाने वाला सरकारी रास्ता ग्राम के चंदर सिंह, गंगा प्रसाद, रामनारायण, विकम, मुकेश, दिनेश ने तार फेंसिंग और काटेदार झाड़ लगाकर बंद कर दिया है। रास्ता बंद होने से दिव्यांग दंपत्ती और बच्चें जान जौखिम में डालकर घर आना जाना कर रहे है बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है।

इस संबंध में पीड़ित दिव्यांग के द्वारा तहसील कार्यालय में रास्ता खुलवाने के लिए आवेदन किया गया मौके पर गांव पहुंचे तहसीलदार के साथ भी दबंगों के द्वारा दुव्र्यवहार किया गया।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य केंद्रों में की गई 452 गर्भवती महिलाओं की जांच

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 09 नवंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 452 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 189 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रो में रेफर किया जाता है।

### अब कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

जर्जर सड़क से हो रहीं दुर्घटनाएं आमजन को दे रहीं जख्म, स्थानीय लोगों में आक्रोश, वाहन चालकों को भी परेशानी

# कलेक्टर के आदेशों की अवहेलना, भैरुंदा-गोपालपुर मार्ग बदहाल, जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की मांग

बीते साल से जर्जर सड़क, बीते माह दिए निर्देश हवा में करोड़ों खर्च के बाद भी सड़क टूटी, ठेकेदार और विभाग पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





पगोपालपुर से भैरुंदा मुख्य मार्ग पर सड़क की स्थिति पिछले एक वर्ष से दयनीय बनी हुई है। स्थानीय निवासियों, किसानों, वाहन चालकों और विद्यार्थियों को रोजाना खतरे के बीच सफर करना पड़ रहा है। सड़क पर गहरे गड्ढे, उखड़ा डामर और जर्जर सड़क के हालात बने हुए हैं। जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इस सड़क मार्ग पर कई दुर्घटनाएं पहले ही हो चुकी हैं।

**जिला कलेक्टर के आदेश की खुली अवहेलना**

इधर जिम्मेदार अधिकारी भी ने कलेक्टर के आदेश की अवहेलना की है। 24 अक्टूबर को सीहोर कलेक्टर बाला गुरु के ने इसी मार्ग से होकर गोपालपुर कृषि मंडी पहुँचते समय सड़क का निरीक्षण किया था और तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए थे, परंतु विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद मरम्मत कार्य न होना, लोकल प्रशासनिक तंत्र की गंभीर लापरवाही और आदेश उल्लंघन को दर्शाता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि संबंधित विभागीय अधिकारी और ठेकेदार जवाबदेही से बच रहे हैं। स्थानीय जनता ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये लगाकर किया गया पेजवर्क गुणवत्ता विहीन था, जिसके कारण सड़क कुछ ही समय में फिर उखड़ गई। प्रशासन से मांग है कि कार्य की गुणवत्ता जांच कर दोषी अधिकारियों और ठेकेदार पर कठोर कार्रवाई की जाए और सड़क की तत्काल मरम्मत शुरू करवाई जाए।

**ग्रामीणजन और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन और ज्ञापन अभियान चलाया**

स्थानीय रहवासियों व राहगीरों ने कहा कि यदि कलेक्टर के आदेशों का पालन नहीं हो रहा तो विभागीय व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। लोग पूछ रहे हैं, जब शीर्ष अधिकारियों के निर्देश नहीं माने गए, तो आम जनता की सुनवाई कैसे होगी?




लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण जन और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन और ज्ञापन अभियान शुरू किया जाएगा। स्थानीय रहवासियों ने कार्रवाई की मांग सड़क निर्माण और मरम्मत की गुणवत्ता जांच। जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही तय। दोषी ठेकेदार पर दंडात्मक कार्रवाई। एवं तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि हमने कई बार शिकायत की, पर कोई सुनवाई नहीं। अब जब कलेक्टर के आदेश भी अनदेखे किए जा रहे हैं, तो यह सीधा प्रशासन का फेल होना है। सड़क जल्द दुरुस्त हो, कार्रवाई हो यही हमारी मांग है।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित

**रेहटी ।**सांसद खेल महोत्सव 2025 विदिशा संसदीय क्षेत्र आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया है। यह महोत्सव विभिन्न खेलों जैसे कि एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, और क्रिकेट, रस्साकसी, चम्मच दौड़ आदि के साथ-साथ स्थानीय और पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है। खेलों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितंबर 2025 थी और 25 दिसंबर 2025 को एक खेल समारोह भव्य आयोजित कर समापन होगा। जिसको लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूलों में खेल महोत्सव कार्यक्रम ग्राम पान



गुराडिया में संपन्न हुआ। जहां खेल और संस्कृति का अद्भुत समावेश देखा गया वही कार्यक्रम में सलकनपुर मंडल अध्यक्ष सिंह चंद्रवंशी और वरिष्ठ पदाधिकारीओ द्वारा छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान की गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में सरस्वती मां के चित्र पर माला अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके बाद सरपंच पत्नी थी राजेश यादव द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस अवसर वरिष्ठ रामगोपाल टेलर, अनार सिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत, जनपद पंचायत बुधनी उपाध्यक्ष हरमेन्द नागर, पुरुषोत्तम यादव, सरपंच राजकुमारी राजेश यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, भागीरथ चौहान, पिंटू मंगतानी,विनोद नागर, जनपद सदस्य छोटेलाल कीर, युवा नेता सतीश लोवंशी, कुंवर सिंह पाल सहित भारतीय जनता पार्टी मंडल सलकनपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियानः एसडीएम ने किया निरीक्षण, घर-घर वितरित हो रहे ईएफ फॉर्म



**भैरूंदा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन करने का कार्य गांव-गांव चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने नवलगांव पहुंचकर मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएलओ द्वारा ग्रामीणों को एन्यूमरेशन फॉर्म घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम कुशवाहा ने ग्रामीणों को फॉर्म भरने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और मतदाताओं से सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अभियान में मतदाताओं से किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं लिए जाएंगे। उद्देश्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो।

इससे पूर्व एसडीएम ने अधिकारियों एवं बीएलओ की बैठक लेकर मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि फॉर्म वितरण, ऑनलाइन प्रविष्टि एवं सत्यापन कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान बीएलओ विजय मीणा भी उपस्थित रहे। वहीं, तहसीलदार सौरभ शर्मा ने भादाकुई में पहुंचकर मतदाताओं को ईएफ फॉर्म वितरित किए और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बीएलओ वीरेन्द्र मालवीय भी उपस्थित रहे। एसडीएम कुशवाहा ने बताया कि जो महिलाएं विवाह उपरांत अन्य स्थान से गांव में आई हैं, वे अपने पास निम्न जानकारी रखें, जिससे सत्यापन कार्य में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची के शुद्धिकरण हेतु संचालित किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और निष्पक्ष व सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

## शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर में हुआ खेल महोत्सव





**सीहोर।** मंगलवार को शिवराज चौहान के संसदीय क्षेत्र विदिशा के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर में खेल महोत्सव का आयोजन मुख्य अतिथि रामस्वरूप मेवाड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष, विशेष अतिथि किसान मोर्चा अध्यक्ष चंदन सिंह मेवाड़ा, सरपंच रुबीना बी कार्यक्रम अध्यक्ष सूरज सिंह परमार की गरिमामय उपस्थित में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष पूजा वंदना कर बच्चों द्वारा खेल शुरु किये गये। जिसमें नींबु चमच दोड़, कुर्सी दोड़, रस्सा कसी, खो-खो में प्रथम स्थान छात्र गणेश, द्वितीय स्थान अहम भारती व तृतीय स्थान बेबी ने प्राप्त किया। वहीं कुर्सी दोड़ में कनिका प्रथम, कनक द्वितीय एवं अराधना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी में तीन टीम बनाई गई, जिसमें गीतांशी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बच्चों की माता, पिता, दादा-दादी भी पीछे नहीं रहे, उन्होने भी बच्चों के साथ खेलों में भाग लिया और अपना बचपन याद किया। जिसमें श्रीमती मधु नींबु चमच दोड़ में प्रथम, कुर्सी दोड़ श्रीमती वर्षा भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार राजाराम परमार, गौरे लाल परमार एवं देवबक्स मालवीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाला के सभी बच्चों एवं पालकगणों सहित ग्रामवासियो ने विभिन्न खेलों में उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों सहित ग्रामवासी को पुरूस्कार वितरित किए गए। इस मौके पर शिक्षक सतीश त्यागी, गोवर्धन सिंह, प्रार्थना गुप्ता, सरिता ठाकुर, साक्षी पालीवाल, जनशिक्षक विनोद गुप्ता, सचिव राकेश, बबलू मेवाड़ा, जुझार सिंह, दुर्गा प्रसाद, इमरत सिंह, राजेश परमार, अनिता राठौर, लीलाधर, प्रदीप परमार, ओमप्रकाश भारती, चंदन सिंह, कालूराम भारती सहित बड़ी संख्या में पालकगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जेल में कैदियों को कानून की जानकारी देने के साथ ही एलईडी बनाना सिखाया

**सीहोर।** जिला जेल सीहोर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत कार्यशाला सह विधिक जागरूकता शिविर हुआ। आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देश पर हुआ। शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकार, पुनर्वास प्रक्रिया और निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही प्रकरणों की अद्यतन स्थिति बताई गई।



इस दौरान जेल में सिविल और राजीनामा योग्य मामलों के निराकरण के लिए नई पहल की गई। जेल मध्यस्थता की शुरुआत हुई। इसमें चिन्हित मामलों में बंदियों के अलावा दूसरे पक्ष को ऑनलाइन जोड़ा गया। सचिव स्वप्नश्री सिंह ने मध्यस्थता के जरिए मामलों के समाधान का प्रयास किया। शिविर में बंदियों की समस्याएं सुनी गईं। समाधान के लिए जरूरी कदम उठाए गए।

नशा मुक्ति थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता और मेडिटेशन सत्र भी हुआ। एनजीओ की मदद से बंदियों को एलईडी बल्ब निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, ब्रह्माकुमारी पंचशीला, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पैरालीगल वॉलेंटियर्स, एनजीओ सदस्य और बंदी मौजूद रहे।

**सभी मातृशक्ति ने समाज में अपना दायित्व निर्वहन करने की शपथ ली**

# सप्त शक्ति संगत कार्यक्रम में बालिकाओं ने वीरांगनाओं की वेशभूषा धारणकर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन मेंसरस्वती विद्या मंदिर सीहोर में सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को पांच परिवर्तन के तहत अपने ही अंदर निहित शक्तियों को पुर्नजागृत करना एवं संस्कारी शिक्षित राष्ट्र में हमारी अहम भूमिका कैसे तय करें इस विषय पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष एवं हम ही मातृशक्ति है गीत के साथ किया गया संगोष्ठी में अतिथियों का परिचय अध्यक्षता के लिए सत्यभामा मंत्री, विशिष्ट अतिथि अनीता बडगूजर भालेराव ने अपनी विशिष्ट शैली से कुटुंब प्रबोधन पर प्रकाश डाला वहीं हमारी विशिष्ट वक्ता नीति राठौड़ ने अपने ओजस्वी वाणी में भारत के विकास में महिलाओं का योगदान किस प्रकार होना चाहिए इस पर बहुत ही महत्वपूर्ण विषय रखा जो की एक शासकीय शिक्षिका है एवं शोभा चांडक ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। ज्योति जैन द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया गया। सफल संचालन विद्या दीदी अन्वेकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बहनों द्वारा समूह गीत देश की वीरांगनाओं वेशभूषा धारण कर विचार व्यक्त किए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी कराई गई जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाली जैसे राष्ट्र कार्य में अपने संतान को प्रेरित करने के लिए अखिल भारत ही नहीं पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाने वाले संत पूज्य प्रदीप मिश्रा माता श्री को सम्मानित कर सभी हम गौरवान्वित हुए, संयुक्त परिवार में संचालन करने वाली नमिता राय को सम्मानित किया गया। पर्यावरण एवं योग के क्षेत्र में वर्षा शर्मा एवं अपने कठिन परिस्थितियों में अपने बच्चों को उच्च स्थान पर ले जाने पर राम बुआ का सम्मान किया गया 180 से ऊपर माता की उपस्थिति रही। शहर की अति विशिष्ट महिलाएं अन्य सभी समाज एवं संगठनों की प्रमुख मातृशक्ति उपस्थिति रही समाजसेवी अरुणा राय पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमित अरोरा कार्यक्रम में पूर्ण रूप से उपस्थित रही। इस सप्तशक्ति संगम के राष्ट्रीय यज्ञ में हम सभी बहने संकल्पित हैं ऐसा संकल्प कराया गया, सभी मातृशक्ति ने समाज में अपने दायित्व की शपथ ली। अंत में अर्चना दीदी तिवारी ने सभी मातृशक्ति का आभार माना।

## भारतीय जनता पार्टी ने की मतदाता पुनरीक्षण अभियान के लिए बैठक संपन्न



**भैरुंदा।** भारतीय जनता पार्टी के विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज नगर के कम्युनिटी हॉल में बूथ प्रभारी एवं बी.एल.ए. की एक बृहद बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी मतदाता सूची संशोधन एवं नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, मंडल पदाधिकारियों, बूथ प्रभारियों एवं बी.एल.ए. को मतदाता सूची में त्रुटि सुधार, नाम विलोपन, स्थानांतरण तथा नए नाम जोड़ने की समुचित प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, मंडल अध्यक्ष नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर आशीष शर्मा, ओम पटेल, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, चंद्रकांत खंडेलवाल, ओम पटेल ,महेंद्र परिहार ,राजेश पंवार , शाहिद पटेल एवं बसंत दूबे, अनुपम गौड महेंद्र जाट विनोद कंगाली रितेश मकवाना ,विजय सोनी कपिल खंडेलवाल दीनबंधु कुशवाह सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए तत्पर रही है, और मतदाता पुनरीक्षण अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथों पर जाकर प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री द्वारा किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि नगर का प्रत्येक पात्र नागरिक आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय रहेंगे।

### विभिन्न वर्गों में पुरस्कार से नवाजे गए नगर के होनहार बच्चे

# नन्हे-मुन्हे बच्चों ने विभिन्न विषयों पर कैनवास पर उकेरी मन की कल्पना

**ख्यात चित्रकार सियारामदासजी की 32वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के सुप्रसिद्ध चित्रकार एवं ड्राइंग टीचर स्व. सियाराम दास की 32वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा पहली से पांचवीं, कक्षा छटवीं से आठवीं एवं कक्षा 9वीं से 12वीं के अलग-अलग वर्ग एवं विषयों पर आधारित थी।

प्रथम वर्ग में स्वैच्छिक विषय था वहीं कक्षा 6 से 8 के बच्चों को प्रकृति एवं पर्यावरण पर आधारित चित्र बनाने का विषय दिया गया। इसी तरह कक्षा 9वीं से 12वीं के बच्चों ने विज्ञान एवं समर्थ भारत विषय पर अपने मन की कल्पनाओं के कैनवास पर उकेरा। इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न स्कूलों के 200 से अधिक बच्चे सम्मिलित हुए थे।

#### इन बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का हुनर, हुए पुरस्कृत

निर्णायक समिति के चयन के आधार पर पहले वर्ग में कैरियर कॉन्वेंट स्कूल की बालिका अश्मीरा हाशमी प्रथम, रिया कारपेंटर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर केके मेमोरियल स्कूल के छात्र हर्षित व्यास ने पाया। वहीं, कैरियर कान्वेंट स्कूल के विपुल आर्य को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रकृति एवं पर्यावरण विषय की दूसरी कैटेगरी में कैरियर कान्वेंट स्कूल की रिषिका बैरागी एवं किरण तंवर ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्र प्रतीक मेवाड़े तृतीय स्थान पर रहे एवं स्वामी स्कूल की चेष्टा शर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विज्ञान एवं समर्थ भारत कैटेगरी में स्वामी विवेकानंद स्कूल के तीन विद्यार्थिंयों रिया जाटव, हर्षित व्यास एवं अमृत पाल सिंह क्रमशः प्रथम, द्धितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वहीं मिशा खरबंदा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

#### सांसद ने ख्यात चित्रकार के जीवन पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रोड़मल नागर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पंडित हरिचरण तिवारी, हेमराज कल्पोनी, प्रताप मंडलोई, चंद्रकांत भार्गव, भाजपा पदाधिकारी अमित शर्मा, देवीसिंह सौंधिया, कैलाश मौर्य, मनोज हाड़ा सहित अन्य ने प्रसिद्ध चित्रकार स्व. दास के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही उनके द्वारा सन 1953 में ऑइल पेंट से बनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पैंटिंग का अवलोकन सभी ने किया। अतिथियों ने कहा कि स्व. दास द्वारा निर्मित महान कलाकृतियां वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम का संचालन साकेत शर्मा ने किया आभार घनश्याम बामनगया ने माना। इस अवसर पर संदीप सोनी, आरसी शर्मा, पंडित जगदीश शर्मा, शिवनारायण मौर्य, प्रवीण पंवार, शैलेंद्र विजयवर्गीय, सुरेश विजयवर्गीय, अशोक शर्मा, संजय गुप्ता, कैलाश सेन, हृदय नारायण सक्सेना, ओम मेवाड़े, जगदीश गौड़, इंदर सिंह गौड़ ओम शर्मा, मोहम्मद शफीक गामा, पप्पू मकवाना, महेश सेन, प्रांजल खुजनेरी, रघु भूषण, जय प्रकाश मौर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

### छात्र को परीक्षा देने से रोकने के मामले ने पकड़ा तूल

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ब्यावरा इकाई के कार्यकर्ताओं के संज्ञान में आया की सीएम राइज स्कूल के छात्र को 7 नवंबर को राजनीतिक विज्ञान विषय की परीक्षा देने से रोका गया। शिकायत प्राप्त होने पर दूसरे दिन कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य से छात्र को परीक्षा से वंचित रखने का कारण पूछने पर प्राचार्य सज्जनसिंह यादव ने अभद्रतापूर्ण व्यवहार करते हुए कहा यहा हमारी व्यवस्था है। साथ ही उन्होंने धमकियां देते हुए कहा 20 वर्ष से यही पढ़ा रहा हूं यही पढ़ाऊंगा कोई मेरा कुछ नहीं कर सकता जिससे शिकायत करना है करिए।

बात करने गए कार्यकर्ताओं से अभद्रता की गई और कारण नहीं बताया गया। पूछने पर प्राचार्य ने मंत्री इंदरसिंह परमार के साथ काम किया है ऐसी धमकियां दी और उठकर बाहर चले गए। इस प्रकार दुर्व्यवहार और विद्यालय के तानाशाही रवैए पर अक्रोशित होकर बड़ी संख्या में विद्यालय के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए। विद्यालय में परीक्षा जारी थी तथा उसको बाधित न करते हुए तथा प्रशासन का सहयोग करते हुए अभाविप कार्यकर्ताओं ने परीक्षा परिसर से दूर मुख्य द्वार पर करीब दो घंटे मौन धरना प्रदर्शन किया। जिसके के बाद नायब तहसीलदार विनय रजक को माननीय जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें 3 दिवस में निलंबन की कार्यवाही की मांग की गई। नगर मंत्री राकेश सोंधिया ने बताया छात्र हित में अभाविप हमेशा से कार्यरत है। सीएम राइज प्रकरण में शासन से हमारी मांग है 3 दिवस में जांच के आधार पर दोषियों पर निलंबन की कार्यवाही की जाए। परिसर का वातावरण विद्यार्थियों के लिए अनुकूल रहे तथा विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसका ध्यान रखा जाना चाहिए सोंधिया ने कहा कार्यवाही न होने पर आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में जिला संयोजक शुभम शर्मा भाग संयोजक जीत शिवहरे एवं तुषार चौहान, राजगढ़ नगर मंत्री कुलदीप सिंगी, आकाश, सहमंत्री सपना, जीत, धीर, विद्यालय संयोजक सुमित, सचिन, माखन, हरिओम सोंधिया, विशाल, कान्हा, बंटी परमार, अनिल मंडलोई, भूपेंद्र, तनु, आदेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मौके पर एसडीओपी ब्यावरा, थाना प्रभार तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

### कार एक्सेसरीज और टेंट हाउस की दुकान में लगी आग



**ब्यावरा।** जानकारी के अनुसार मधुमिलन फैक्ट्री के सामने जगदीश पालीवाल के मकान में हरिओम दांगी की कार एक्सेसरीज, टेंट हाउस की दुकान में आग लग गई जिसमें लाखों का सामान खाक होने की संभावना है। दमकल की गाड़ियां भी 1 घंटे देरी से पहुंची जब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। खबर लिखे जाने तक किसी जनहानि की कोई खबर नहीं थी। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने के प्रयास किए, परन्तु दमकल की गाड़ी में प्रेशर न आने के कारण भी स्थिति संभालने में दिक्कत आ रही थी।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

# सिविल अस्पताल में ईसीजी मशीन उपलब्ध कराने की मांग



**सारंगपुर।** जिला स्वास्थ्य विकास मंच के जिलाध्यक्ष एवं समाजसेवी शेख मुशर्रफ ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपकर सारंगपुर सिविल अस्पताल में ईसीजी मशीन शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सारंगपुर सिविल अस्पताल उप-स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्यरत है और इसमें 100 बिस्तरों की स्वीकृति है, किंतु वर्तमान में केवल डक डॉक्टर की नियुक्ति होने के बावजूद ईसीजी मशीन उपलब्ध नहीं है। जिससे हार्ट के मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ती है और उन्हें ईसीजी के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है।

### कलेक्टर ने बैठक में को दिए निर्देश

# टीएल बैठकः सीएमएचओ और खिलचीपुर सीएमओ को नोटिस

**राजगढ़।** कलेक्टोरेट सभागार में सोमवार दोपहर हर सप्ताह आयोजित होने वाली टाइम लिमिट (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान समय-सीमा प्रकरणों में खराब प्रदर्शन पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं खिलचीपुर नगर परिषद सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधीश द्वारा प्रदान किए गए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समय सीमा में प्रकरणों का गंभीरता से अध्ययन कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में ई-ऑफिस, ई-केवाईसी, अवमानना प्रकरण तथा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें।

**कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 300 विद्यार्थी सम्मिलित हुए**

# भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

### 15 नवंबर को स्कूली विद्यार्थियों का 5 दिवसीय टूर राजस्थान रवाना होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पचोर नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी द्वारा 9 नवंबर को भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के लगभग 300 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

विद्यालय प्रबंधन से दीपक गोयल एवं दिनेश गोयल ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इसके पश्चात स्वयं भी बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए भ्रमण के दौरान प्रतिपल साथ रहे। भ्रमण की संपूर्ण योजना विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद द्वारा बनाई गई थी तथा अनुशासन व्यवस्था का दायित्व कोऑर्डिनेटर कवंलप्रीत के नेतृत्व में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने सफलतापूर्वक निभाया। भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित पीपल्स मॉल, साइंस हाउस, वन विहार एवं अन्य शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने न केवल वैज्ञानिक ज्ञान जनजाति संग्रहालय एवं वन्यजीवों की जानकारी को अर्जित किया, बल्कि भोपाल के तालाब में वोटिंग का भी आनंद लिया। दिनभर के ज्ञानवर्धक भ्रमण के पश्चात विद्यार्थियों को भोपाल में ही सामूहिक रात्रिभोज कराया गया। शिक्षा के नवीन आयामों को प्रत्यक्ष रूप से जानने और अनुभव करने का यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। रात्रि में भ्रमण दल हर्षोल्लास के साथ पुनः पचोर लौट आया।

विद्यालय प्रबंधक पंकज गोयल एवं विवेक शर्मा ने भ्रमण के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकों से परे इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजन विद्यालय में निरंतर होते रहना चाहिए। सफलतापूर्वक आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए अभिभावक गणों ने संस्था के नवाचार की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। विदित है कि इस क्रम में विद्यालय का सात दिवसीय एजुकेशनल टूर 15 नवंबर को राजस्थान जाने वाला है जहां पर बच्चे जयपुर, जोधपुर और जैसलमेर के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व को जानेंगे।

### युवक का सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद चयन हुआ



**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम चमारखेड़ा निवासी प्रतापसिंह पवांर का मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 के परिणाम में सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। नगर से मात्र 3 किलोमीटर दूर स्थित छोटे से गांव चमारखेड़ा निवासी सुल्तान सिंह पवांर के पुत्र का चयन सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रताप सिंह पवांर नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से प्राथमिक से लेकर हाई स्कूल तक अध्यनरत रहा उसके पश्चात इंदौर होल्कर साइंस स्कूल से ग्रेजुएशन कर सिवनी जिले में पटवारी के पद पर वर्तमान में पदस्थ है। मध्यम वर्गीय परिवार खेती किसानी का काम करके माता पिता ने प्रताप सिंह को पढ़ाया।

# एसआईआर को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न




**कुरावर।** नगर में सोमवार को सुबह 11 बजे मार्केटिंग सोसायटी परिसर में चुनाव आयोग द्वारा नवीन मतदाता सूची के निमित्त भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने कुरावर एवं झाडाला मंडल के सभी भाजपा नेता कार्यकर्ता व नियुक्त बी.एल.ओ 2 को चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर के तहत मतदाता सूची में प्रशिक्षण की प्रक्रिया कैसे की जाएगी इसके बारे में बताया। वर्ष 2003 में जो मतदाता हमारी मतदाता सूची में था वर्तमान में उसके परिवारों के नाम उसमें जुड़े हैं या नहीं।शादी 2003 के मतदाता वर्तमान में हमारे क्षेत्र में रह रहे हैं या नहीं इसका निरीक्षण मतदाता सूची को ठीक करना है साथी उन्होंने कहा कि कुरावर नगर परिषद नगर पालिका बनने की प्रक्रिया में है पीलू खेड़ी भी कुरावर का हिस्सा हो सकता है सभी चुनाव की तैयारी करने के पहले अपने-अपने जन आधार को बढ़ाएं। वहीं उन्होंने बिजली विभाग बड़े हुए बिलों में अपने सर चार्ज माफ कर रहा है भावांतर योजना का लाभ किसानों को मिल रहा है उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर किसानों को मुआवजा राशि देने की बात कही थी वह राशि किसानों को मिली है। साथी हमने ग्रामीण क्षेत्रों में सुदूर सड़क प्रारंभ करने की बात भी मुख्यमंत्री से कही है उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश भाजपा सरकार निरंतर महिलाओं के लिए अब आने वाले 12 नवंबर को लाडली बहना योजना की राशि बढ़कर 1500 रुपए का अंतरण करने जा रही है।

# ग्वालियर में हुई कराते चैंपियनशिप में दिवित ने पाया गोल्ड मेडल



**राजगढ़।** कहते हैं प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। इस बात को एक बार फिर से राजगढ़ निवासी दिवित पिता श्याम भिलाला ने साबित करके दिखाया है। विगत दिनों ग्वालियर में आयोजित 9वीं वारियर 2025 ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में शामिल होकर दिवित ने 7 से 8 वर्ष कैटेगिरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के खिलाड़ी को 5 अंकों से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। दिवित को कराते एसोसिएशन राजगढ़ जिले की सचिव श्रसपना मांझी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है की खेल केवल जीत का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। दिवित की इस उपलब्धि पर परिजनों, इष्टमित्रों सहित अन्य ने बधाई, शुभकामनाएं देते हुए बालक के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# एकता के भाव के साथ हर विधानसभा में निकलेगा यूनिटी मार्च, 13 तक आयोजन

### सांसद ने प्रेसवार्ता में साझा की यूनिट मार्च संबंधी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को देश एक उत्सव के रूप में मना रहा है। इसी कड़ी में विगत दिनों जहां जिले भर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। वहीं अब भाजपा द्वारा सभी समाजों, प्रबुद्धजनों, आम नागरिकों को साथ लेकर जिले की पांचों विधानसभाओं में 11 नवंबर से 13 नवंबर तक यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में स्थानीय संस्कृति होटल में सोमवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने सरदार पटेल के जीवनवृत, सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए पूरे आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले 575 रियासतों में बंटे भारत को लौह पुरुष पटेल ने अपनी बुद्धिमत्ता, व्यवहार, कार्यकुशलता इत्यादि के दम पर एकसूत्र में पिरोया।

#### पांचों विधानसभाओं में इस तरह निकलेगी यात्रा

प्रेसवार्ता में बताया गया कि 11 नवंबर को सारंगपुर एवं नरसिंहगढ़ की पहली यात्रा आयोजित होगी जो पिपलिया रसोड़ा से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सरदार पटेल चौक मंडी रोड पचोर में समाप्त होगी। अगले दिवस 12 नवम्बर को खिलचीपुर विस के गोघटपुर से प्रारंभ होकर आगर मालवा जिले के सोयत पहुंचेगी। 13 को राजगढ़ एवं ब्यावरा की यात्रा ब्यावरा के देवलखेड़ा से प्रारंभ होकर पुनरखेडी, चिलवाडियां होकर करनवास (राजगढ़) में यात्रा का समापन होगा। प्रेसवार्ता में राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिला पदाधिकारी देवीसिंह सौंधिया, पं. अमित शर्मा, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, नपाध्यक्ष विनोद साहू उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वां स्मरणोत्सव संपन्न




**खुजनेर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वां स्मरणोत्सव के उपलक्ष्य में नगर परिषद खुजनेर द्वारा सामूहिक वंदे मातरम का गायन नगर परिषद सभाकक्ष में किया गया। गीत का गायन परिषद सदस्यों, विविध संगठनों के सदस्यों, स्कूल की छात्राओं, गणमान्य नागरिकों एवं नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्षा कैलाशी बाई यादव एवं उपाध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह द्वारा बताया गया कि यह गीत सिर्फ शब्द नही राष्ट्र की आत्मा है जिसे गाते ही मन में राष्ट्र भक्ति की भावना भर जाती है। कार्यक्रम को मुकेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारा भी संबोधित किया गया कार्यक्रम में पार्षद निर्मल जाटव, प्रेम राजपूत, पूर्व उपाध्क्ष राधेश्याम गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा, अरविन्द गुप्ता, रामबाबू यादव, पूर्व सीएमओ राजबहादुर कारपेंटर, डॉ. विजेन्द्र नागर, दयाराम यादव, नारायण प्रजापति, रवि सोनी, रामेश्वर नागर प्राचार्य शिशु मंदिर सहित शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर एवं मधुकुंज अकेडमी की छात्राएं एवं स्टाफ सहित समस्त नगर परिषद स्टॉफ उपस्थित रहे।

# मप्र सरकार के निर्णय के विराध में किसान कांग्रेस, सौंपा ज्ञापन

### जिपं अध्यक्ष, पूर्व विधायकों व अन्य ने कलेक्टर से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मध्यप्रदेश सरकार ने हालिया तय किया है कि राज्य सरकार किसानों की फसलें स्वयं न खरीदते हुए यह जिम्मेदारी केंद्र सरकार या एफसीआई को सौंपी जाएगी। सरकार के इस निर्णय के विरोध में जिला किसान कांग्रेस ने अपना तीखा विरोध जाहिर करते हुए किसान विरोधी नीतियों की तीखी आलोचना की है। इस संबंध में जिला किसान कांग्रेस भगवान सिंह बागड़ी के नेतृत्व में इंकाजनों सहित कृषकों द्वारा सोमवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि सरकार का उक्त निर्णय प्रदेश के लाखों किसानों के साथ बड़ा धोखा है। चुनाव के समय भाजपा सरकार ने वादा किया था कि किसानों की फसल समर्थन मूल्य एमएसपी पर नहीं बल्कि उससे बल्कि उससे ज्यादा कीमत में खरीदेगी। लेकिन, सरकार ने अपने वादे से मुकर गई है।

**ज्ञापन में यह रखी सरकार से मांगः** किसान कांग्रेस द्वारा सौंपे गए उक्त ज्ञापन में तीन मांगे प्रमुखता के साथ रखी गई हैं। पहली मांग है कि राज्य सरकार अपना निर्णय तुरंत बदले और किसानों की फसलें राज्य स्तर पर ही खरीदी जाए। अन्य मांगों में एमएसपी से नीचे किसी भी कीमत पर उपज बेचने पर मजबूर न किया जाए एवं किसानों की आय, भंडारण व परिवहन के लिए विशेष राहत पैकेज जारी किया जाए। इस अवसर पर भगवान सिंह बागड़ी सहित जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत दिव्यांग शिविर किया आयोजित



**बागली।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत बागली द्वारा स्व.कैलाश जोशी महाविद्यालय प्रांगण में दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें अस्थिबाधित, श्रवण बाधित, मानसिक निःशक्त एवं दृष्टि बाधित चिकित्सकों द्वारा 1 से 18 वर्ष के छात्र-छात्राओं एवं बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किए गए।अस्थि बाधित 16,दृष्टि बाधित 05, मानसिक निःशक्त 02 का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में डॉ. देवेश पांडे अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. कमल किशोर नाक/कान/गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रकृति ललवानी, मानसिक निःशक्त विशेषज्ञ, दृष्टि बाधित डॉ. मनीषा मिश्रा द्वारा परीक्षण किया गया।जनपद पंचायत बागली से दिव्यांग शिविर प्रभारी कौशल जोशी, व्यवस्थापक गुलजारीलाल बाथरी, आशीष शर्मा,मेहरबान सिंह गुनाया,राहुल धंधारे, राहुल अंगोरिया, गोपाल पंचोली,रामचरण विश्वकर्मा, परसराम अलावा, कमल किशोर पंवार, संतोष सोलंकी, गजराज मालवीय, समग्र शिक्षा से प्रफुल्ल द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर दो बीएलओ निलंबित

**देवास।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह ने सहायक ग्रेड-3 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवाएं देवास के माजिद हुसैन (बीएलओ) तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-09 संकुल उ.मा.वि. नूतन नगर देवास की संगीता शाह (बीएलओ) को निलंबित किया है।

## बीएलओ को ईएफ इंट्री का दिया हैंड्स ऑन प्रशिक्षण

# घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य ईमानदारी व पारदर्शिता से करने दिए निर्देश

### संकुल वार बीएलओ को ईएफ की एंट्री के लिए दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के अंतर्गत आज एसडीएम नितिन कुमार टाले के निर्देशानुसार संकुल वार बीएलओ को ईएफ की एंट्री हेतु बीएलओ एप पर हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारीयों ने बीएलओ को मोबाइल ऐप के माध्यम से मतदाताओं की जानकारी दर्ज करने, त्रुटि सुधारने, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया। इस अवसर पर तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा, नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंगला, नायब तहसीलदार संदीप गौर एवं दल सहयोगी शिक्षा विभाग और निर्वाचन शाखा के कर्मचारियों ने उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर एसआईआर कार्य को 100 प्रतिशत पूर्ण करें और प्रत्येक घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य ईमानदारी एवं पारदर्शिता से संपन्न करें। प्रशिक्षण सत्र में क्षेत्र के सभी ब्लॉक व सेक्टर अधिकारियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और एसडीएम श्री टाले ने कहा कि यह कार्य लोकतंत्र की आधारशिला है, प्रत्येक बीएलओ को इसे मिशन मोड में पूरा करना चाहिए।



# जेसीबी से श्मशान की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**तहसीलदार ने की कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम झिकड़ी तहसील जावर की श्मशान की शासकीय भूमि ख.न. 57/1 रकबा 0.486 हे० नोईयत मरघट के अंशभाग 0.303 हे० भूमि पर हटेसिंह पिता मंदरूप सिंह बैलदार द्वारा किए गए अतिक्रमण को तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा द्वारा थाना प्रभार जावर नीता देअरवाल ,राजस्व निरीक्षक विक्रम सिंह खटीक, पटवारी अमित श्रीवास्तव के साथ मिलकर हटाकर श्मशान की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवा कर मौके पर उपस्थित सरपंच एवं सचिव ग्राम पंचायत बिलपान के सुपुर्द की गई। तहसीलदार द्वारा बताया गया कि पूर्व में अतिक्रमणकर्ता द्वारा श्मशान की भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया था जिससे ग्राम वासी अंतिम संस्कार करने के लिए परेशानी का सामना कर रहे थे। अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा कर कब्जा पंचायत को सौंपा गया था किंतु हटेसिंह द्वारा पुनः कब्जा कर लिया था। जिस पर तहसीलदार जावर द्वारा कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त करवाकर कब्जा पंचायत को सौंप दिया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान राजस्व एवं पुलिस के कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# याचिका और अभ्यावेदन समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र विधानसभा की याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की आज विधानसभा भवन में कक्ष क्र 4 में बैठक सम्पन्न हुई। समिति के सदस्य आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर उक्त बैठक में शामिल हुए। समिति के समक्ष प्रस्तुत हुई याचिकाओ एवं अभ्यावेदनो पर समिति की बैठक में सुनवाई की गई एवं सम्बंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये। समिति के सदस्य आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की अब उक्त याचिका एवं अभ्यावेदन समिति पूरी तरह से डिजिटल हो गई है। अब समिति को सभी आवेदन एवं याचिकाएं ऑनलाइन भेजे जा सकेंगे एवं समिति की ओर से जो निर्णय होंगे वो भी आवेदनकर्ता को ऑनलाइन प्राप्त हो जायेंगे। आज समिति के अध्यक्ष मप्र शासन के मंत्री हरदीपसिंह डांग ने फीता काट कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सहित अन्य सभी सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्तिथ रहे।



# विधिक शिविर में छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग करने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में 9 नवंबर से दिनांक 14 नवंबर तक न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशन और विजय डांगी, द्वितीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा के मार्गदर्शन में महेश कुमार चौहान, प्रथम जिला न्यायाधीश आष्टा, के द्वारा दिनांक 11 नवंबर को विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह महाविद्यालय आष्टा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग करने, साइबर सुरक्षा, यातायात संबंधित नियम, सड़क सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, बच्चों के अधिकार, पोक्सो अधिनियम, बाल श्रम प्रतिषेध कानूनों की जानकारी के साथ जागरूक व जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपेश पाठक द्वारा किया गया। उक्त शिविर में प्राचार्य धर्मेन्द्र सूर्यवंशी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में वैभव सुराना द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# नदी संरक्षण और सौंदर्यीकरण: संगम मंदिर के समीप बनेगा घाट, नदी किनारे पार्क किए जाएंगे विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका द्वारा जहां नगर में निर्माण कार्य अनवरत जारी है, वहीं धार्मिक स्थलों को सहेजने और संवारने का कार्य भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगरपालिका द्वारा परिषद के सहयोग से पार्वती नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य के तहत नदी के दोनों किनारो पर घाटों का निर्माण करवाया, अब परिषद नदी के दूसरे छोर पर नदी को साफ, स्वच्छ एवं प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे इसके लिए संगम मंदिर के समीप तथा मुक्तिधाम के पास व्यवस्थित घाटों का निर्माण कार्य करवाने का निर्णय लिया गया है। जिसकी कार्ययोजना तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को स्वीकृति हेतु शीघ्र ही प्रेषित की जाना है। इस आशय की जानकारी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने संगम मंदिर, मुक्तिधाम के समीप एवं अटल सेतु स्थित बनने वाले घाटों के निर्माण कार्य के चिन्हित स्थलों का निरीक्षण करते हुए दी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने बताया कि संगम मंदिर नगर के अतिप्राचीन मंदिरों में से एक है, यहां प्रतिदिन श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में दर्शनार्थ आते है। मंदिर की दिव्यता और सौंदर्यता को बढ़ाने के उद्देश्य से घाट का निर्माण करवाने का निर्णय परिषद द्वारा सर्वानुमति से लिया गया, जिस पर नगरपालिका द्वारा आगामी कार्यवाही की जा रही है। संगम स्थित घाट का निर्माण होने से तीज-त्यौहारों पर स्नान आदि करने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा भी होगी।मुक्तिधाम के समीप बनेगा घाट एवं पाथवे - श्री मेवाड़ा ने आगे यह भी बताया कि मुक्तिधाम के समीप नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से घाट के निर्माण के साथ पाथवे का भी निर्माण कार्य होगा, जिससे आसानी से नागरिकगण अस्थी विसर्जन घाट के माध्यम से नदी में कर सकेंगें।अटल सेतु नदी किनारे के समीप लगेगी चैपाटी - नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि घाटों के साथ-साथ अटल सेतु पुल के समीप नदी के दोनों किनारों पर पिचिंग कार्य होगा, वहीं व्यायायाम, योगा हेतु गार्डन विकसित किया जाएगा। वहीं नागरिकों के मनोरंजन हेतु चैपाटी भी विकसित की जाएगी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ मुख्य नगरपालिका विनोदकुमार प्रजापति, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, विजयराज एसोसिएट कंसल्टेंट शाजापुर के जितेन्द्र वर्मा आदि रहे मौजूद।



# आयुक्त ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा, बीमा रोड के सुधार हेतु काम शुरू नहीं होने पर ठेकेदार को नोटिस देने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आयुक्त दलीप कुमार ने नगर निगम से संबंधित समयावधि पत्रों, कलेक्टर कार्यालय से शिकायती समस्या संबंधी आवेदनों के प्रस्तुत प्रतिवेदनों की समीक्षा के संबंध में सोमवार को बैठक ली।बैठक में आयुक्त कुमार ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण करने के संबंध में निर्देश जारी किए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि नगर निगम मे स्थापित एचटी विद्युत संयोजनों मे सिवरेज, जल प्रदाय योजनाओं मे पावर फैक्टर लगाकर मेंटेंन करें ताकि सरचार्ज नही लगे। साथ ही ट्रेंचिंग मैदान पर श्वानों के डॉग हाउस के शेष रहे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक मे आयुक्त ने सड़क निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यो मे गारंटी पीरियड की जांच करें तथा जो कार्य अधुरे हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। बीमा रोड के सुधार हेतु कार्यादेश जारी होने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नही करने पर उपयंत्रियों को कार्य करवाने सख्त निर्देश जारी किए गए जिसमें ठेकेदार को सूचना पत्र जारी करने हेतु कहा गया। बैठक मे आयुक्त द्वारा कालोनी सेल एवं बिल्डिंग परमीशन की समीक्षा की गई जिसमें जिस व्यक्ति द्वारा नगर निगम में जो भवन निर्माण कार्य का नक्शा पारित कराया गया उसके अनुसार ही निर्माण कार्य कराया गया है अथवा नहीं की जांच भी क्षेत्रीय उपयंत्री करे तथा शासकीय भूमि एवं प्रस्तावित एमआर की भूमियों पर कोई निर्माण कार्य नही होने पाए इसका भी ध्यान उपयंत्री रखेगें। बैठक मे आयुक्त के द्वारा सीएम हेल्पलाइन मे दर्ज शिकायतों की समीक्षा मे समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किये गये कि वे ग्रेडिंग वाली शिकायतों को प्रमुखता से निराकृत करें। लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आवास योजना विभाग अपनी शिकायतों के निराकरण 95 प्रतिशत तक करेगें। आयुक्त द्वारा सीएम मॉनिटरिंग मे दर्ज त्रुटीपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत कर नामान्तरण कराने की शिकायत पर दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी कार्यवाही प्रस्तावित करें। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री स्व निधि योजनान्तर्गत स्वनिधि संकल्प अभियान की प्रति सोमवार समीक्षा की जाएगी।

## न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह: मैराथन और विधिक जागरूकता प्रदर्शनी की आयोजित

# न्यायाधीश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर के अवसर पर देवास में न्यायिक जागरूकता को समर्पित ''न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह'' का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा जिले में दिनांक 9 से 14 नवंबर 2025 तक "न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह" मनाया जा रहा है। विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत न्यायिक जागरूकता के लिए सोमवार को विधिक सेवा मैराथन दौड़ का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन दौड़ में युवा, छात्र-छात्राएं, बच्चे, बुजुर्ग, न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स सहित 5 साल से 75 साल तक के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ जिला न्यायालय परिसर से सयाजी गेट, उज्जैन चैराहा, बस स्टैंड से होकर पुनः न्यायालय परिसर पहुंची। मैराथन के उपरांत प्रधान जिला न्यायाधीश मिश्र ने विजेताओं को प्राइज मनी, शील्ड एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। मैराथन के सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, कैप एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पुरूष वर्ग में राजू यादव प्रथम, बलराम यादव द्वितीय, गोविंद कुषवाह तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में तनु ग्वाटिया प्रथम, पिंकू यादव द्वितीय एवं खुषबू देवरे तृतीय स्थान पर रहीं।



### विधिक जागरूकता प्रदर्शनी लगाई

विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी व जन सामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधान जिला मिश्र ने सुलह गांठ खोलकर किया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि-विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर को मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में विधिक सेवा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है ताकि जन-जन तक न्याय की पहुंच और विधिक सहायता की जानकारी पहुंच सके। पूरे सप्ताह के दौरान मैराथन रेस, विधिक सहायता योजनाओं की प्रदर्शनी, विधिक जागरूकता षिविर, निबंध प्रतियोगिता, ड्राईंग प्रतियोगिता, बाईक रैली आयोजित की जाएंगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदर्शनी में विधिक सेवा हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं जैसे- निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, मध्यस्थता, लोक अदालत, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजनाओं, मौलिक कत्र्तव्य एवं निशुल्क विधिक सहायता हेतु हेल्पलाईन 15100, ऑनलाइन नालसा पोर्टल एवं नालसा विधिक सहायता एपलीकेशन से जुड़ी जानकारी पोस्टर एवं पंपलेट के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने बताया कि नागरिक अब घर बैठे हेल्पलाईन 15100, ऑनलाइन नालसा पोर्टल एवं नालसा मोबाईल एप के माध्यम से भी विधिक सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में विकास शर्मा विशेष न्यायाधीश, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम जिला न्यायाधीश, उत्तम कुमार डारवी द्वितीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी तृतीय अति. जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीलेन्द्र कुमार तिवारी व्यवहार न्यायाधीश, कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, निकिता वाष्णेय पांडे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, प्रियांषु पांडे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, किरण सिंह व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सौरभ जैन व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, चंद्रा पंवार व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी, पैरालीगल वॉलिंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसेल, विद्यार्थीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम मंदिर समिति के सदस्यों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सोमवार को नेवरी फाटा स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर सेवा समिति के सदस्य सैकड़ो की तादात में देवास पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद को ज्ञापन सौंप बीते 14 -15 सितंबर की दरमियान रात्रि खाटू श्याम मंदिर पर हुई चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई।नेवारी फाटे स्थित बाबा श्याम के मंदिर में बदमाश मंदिर के पीछे की दीवार को फांदकर दान पेटी का ताला तोड़ नगदी राशि चुराकर ले गए थे। जिसके बाद पिछले दिनों देवास पुलिस अधीक्षक द्वारा खुलासा कर आरोपी दिनेश प्रजापति, माखन सिंह दागी को गिरफ्तार कर लिया गया था। वही एक अन्य फरार चल रहे आरोपी विशाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम खाईखेड़ा थाना अहमदपुर जिला सीहोर की तलाश जारी है। इन दो आरोपियों के पास से पुलिस ने 10139 रुपए जप्त किए थे जबकि आरोपी विशाल विश्वकर्मा अभी तक पुलिस गिरफ्त से दूर है जिसकी गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं मंदिर से चोरी हुए तीन से चार लाख रुपए की राशि अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। ज्ञापन में मांग की गई कि फरार चल रहे हैं आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हो और दान राशि इन अपराधियों से वसूल कर समिति को वापस दी जाए।